दूरभाष– 9473942554
ई–मेल– ee_cd_kheri@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम- भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 2485 / M-48 / 200 दिनांक– **25/07/2026**

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 24.07.2026 को प्रकाशित खबर "लखीमपुर के बिजुआ में जल जीवन मिशन का खुला हौज : बीच सड़क पर अधूरा निर्माण, ग्रामीणों को हादसे का बढ़ा खतरा, के सम्बन्ध में आख्या।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 24.07.2026 को प्रकाशित खबर "लखीमपुर के बिजुआ में जल जीवन मिशन का खुला हौज : बीच सड़क पर अधूरा निर्माण, ग्रामीणों को हादसे का बढ़ा खतरा, के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 एवं वी0टी0एल0–गाजा लि0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–532669 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1125 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।


समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बिजुआ की बस्तौली पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है जिसका निर्माण कार्य मैसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है, उक्त खबर का संज्ञान लेकर जू0इं0 श्री धनंजय सिंह द्वारा बस्तौली पाइप पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाइप लाइन पर स्थापित स्लूसवॉल्व चैम्बर का कवर छतिग्रस्त पाया गया जिसे कार्यदायी एजेंसी द्वारा बदल दिया गया है।


**सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

Scanned with OKEN Scanner

दूरभाष– 9473942554 ई–मेल– ee_cd_kheri@yahoo.in

(फोटोग्राफ)






भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण), उ0प्र0।
2- मो0 जमाल, डी0पी0एम0, मै0 एन0सी0सी0लि0 लखीमपुर खीरी।
3- गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता।

Scanned with OKEN Scanner